**अपने अधिकारों को जानें: इमीग्रेंट के अधिकार**

आपकी इमीग्रेशन स्थिति कुछ भी हो, संविधान के तहत आपको अधिकारों की गारंटी है। एक इमीग्रेंट के रूप में अपने अधिकारों और उन्हें व्यक्त करने के बारे में अधिक जानें।

**कानून प्रवर्तन मेरी इमीग्रेशन स्थिति के बारे में पूछता है**

**खुद के लिए जोखिम कैसे कम करें**

• शांत रहें। यदि आपको लगता है कि आपके अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है, तब भी अधिकारी से बहस न करें, न ही विरोध करें, न ही बाधा डालें और न ही भागें। अपने हाथ ऐसी जगह  रखें जहां पुलिस उन्हें देख सकती है।

• अपनी स्थिति के बारे में झूठ न बोलें या झूठे दस्तावेज़ प्रदान न करें।

**आपके अधिकार**

- आपको चुप रहने का अधिकार है और पुलिस, इमीग्रेशन एजेंटों या अन्य अधिकारियों के साथ अपने इमीग्रेशन या नागरिकता की स्थिति पर चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है। आप एक अधिकारी को जो कुछ भी बताते हैं उसे बाद में इमीग्रेशन अदालत में आपके खिलाफ इस्तेमाल किया जा सकता है।

- यदि आप एक अमेरिकी नागरिक नहीं हैं और एक इमीग्रेशन एजेंट आपके इमीग्रेशन पेपर माँगता है, तो यदि आपके पास वे पेपर हैं तो आपको उन्हें वे पेपर दिखाने होंगे।

- यदि कोई इमीग्रेशन एजेंट पूछता है कि क्या वे आपकी तलाशी ले सकते हैं, तो आपको ना कहने का अधिकार है। एजेंटों को आपकी सहमति या संभावित कारण के बिना आपको या आपके सामान की तलाशी का अधिकार नहीं है।

- अगर आपकी उम्र 18 से अधिक है, तो हर समय अपने कागजात अपने साथ रखें। यदि आपके पास कागजात नहीं हैं, तो उस अधिकारी को बताएं कि आप चुप रहना चाहते हैं, या आप किसी भी प्रश्न का उत्तर देने से पहले एक वकील से परामर्श करना चाहते हैं।

**ऐसी स्तिथि में आपको क्या करना चाहिए**

- कुछ राज्यों में , आपको कानून प्रवर्तक को अपना नाम देना चाहिए यदि आपको रोका गया है और खुद की पहचान बताने के लिए कहा गया है। लेकिन अगर आप अपना नाम बता भी देते हैं, तब भी आपको अन्य सवालों के जवाब देने जरुरी नहीं हैं।
- यदि आप गाड़ी चला रहे हैं और आपको रोका गया है, तो अधिकारी आपसे आपका लाइसेंस, वाहन पंजीकरण और बीमा का प्रमाण दिखाने के लिए कह सकता है, लेकिन आपको अपनी इमीग्रेशन स्थिति के बारे में सवालों के जवाब देने की आवश्यकता नहीं है।
- कस्टम अधिकारी देश में प्रवेश करने या छोड़ने पर आपकी इमीग्रेशन स्थिति के बारे में पूछ सकते हैं। यदि आप एक वैध स्थायी निवासी (LPR) हैं और आपने आपकी स्थिति को बनाए रखा है, तो आपको केवल अपनी पहचान और स्थायी निवास को स्थापित करने वाले प्रश्नों का उत्तर देना होगा। अन्य सवालों के जवाब देने से इंकार करने से देरी हो सकती है, लेकिन अन्य सवालों के जवाब देने में विफलता के लिए अधिकारी आपको संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने से इनकार नहीं कर सकते। यदि आप एक गैर-नागरिक वीजा धारक हैं और यदि आप अधिकारियों के सवालों के जवाब देने से इनकार करते हैं,आपको यू.एस. में प्रवेश से वंचित किया जा सकता है ।

अतिरिक्त संसाधन

**मुझे पुलिस या ICE द्वारा रोका गया है**

अपने आप का जोखिम कैसे कम करें

• शांत रहें और एजेंटों या अधिकारियों का विरोध न करें या उनके कार्य में बाधा न डालें।

• झूठ न कहें या झूठे दस्तावेज न दें।

• गिरफ्तार होने की स्थिति में खुद को और अपने परिवार को तैयार करें। अपने परिवार और अपने वकील के फोन नंबर याद रखें। यदि आपके बच्चे हैं या आप दवा लेते हैं तो आपातकालीन योजना बनाएं।

आपके अधिकार

• आपके पास चुप रहने का अधिकार हैं। यदि आप इस अधिकार का प्रयोग करना चाहते हैं, तो ज़ोर से बोलें। (कुछ राज्यों में, यदि आपको स्वयं की पहचान बताने के लिए कहा जाए तो आपको अपना नाम बताना जरुरी हो सकता है।)

• आपको अपने या अपने सामान की तलाशी करने के लिए सहमति देने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन अगर उन्हें आपके पास किसी हथियार होने का संदेह होता है तो पुलिस आपके कपड़ों को थपथपा कर जांच सकती है।

• यदि आप पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं, तो आपको सरकार द्वारा नियुक्त वकील का अधिकार है।

• यदि आपको ICE द्वारा हिरासत में लिया गया है, तो आपको एक वकील के साथ परामर्श करने का अधिकार है, लेकिन सरकार को आपके लिए एक वकील प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है। आप मुफ्त या कम लागत वाले विकल्पों की सूची के लिए पूछ सकते हैं।

• आपको इन सवालों का जवाब देने की ज़रूरत नहीं है कि आप कहाँ पैदा हुए थे, क्या आप अमेरिकी नागरिक हैं, या आपने देश में प्रवेश कैसे किया। (अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और हवाई अड्डों पर और कुछ गैर-इमीग्रेंट वीजा वाले व्यक्तियों, जिनमें पर्यटक और व्यावसायिक दोनों तरह के यात्री शामिल हैं के लिए अलग-अलग नियम लागू होते हैं।)

**यदि आपको गिरफ्तार या हिरासत में लिया जाता है तो क्या करना चाहिए**

• आप कहें कि आप चुप रहना चाहते हैं और तुरंत एक वकील के लिए पूछें। कोई स्पष्टीकरण या बहाना न दें। वकील के बिना कुछ भी मत कहें, कुछ भी साइन न करें या कोई भी निर्णय न लें।

• यदि आपको पुलिस ने गिरफ्तार किया है, तो आपको एक लोकल फोन कॉल करने का अधिकार है। अगर आप वकील को कॉल करते हैं तो पुलिस इसे सुन नहीं सकती।

• यदि आपको ICE द्वारा हिरासत में लिया गया है, तो आपको अपने वाणिज्य दूतावास से संपर्क करने या किसी अधिकारी द्वारा आपको हिरासत में लिए जाने के बारे में वाणिज्य दूतावास को सूचित करने का अधिकार है।

• अपना इमीग्रेशन नंबर ("ए" नंबर) याद रखें और अपने परिवार को दें। यह परिवार के सदस्यों को आपको खोजने में मदद करेगा।

• जिस पर आप भरोसा करते हैं, उसके पास अपने इमीग्रेशन दस्तावेजों की एक कॉपी रखें।

• **यदि आप एक गैर-नागरिक हैं:** तो अपने वकील से किसी आपराधिक दोष या अपने इमीग्रेशन की स्थिति पर दलील के प्रभाव के बारे में पूछें। अपने वकील के अलावा किसी और के साथ अपनी इमीग्रेशन स्थिति पर चर्चा न करें। जब आप जेल में होते हैं, तो एक इमीग्रेशन एजेंट आपसे मुलाकात कर सकता है। किसी वकील से बात करने से पहले सवालों के जवाब न दें और न ही कही साइन

करें। सभी कागजात पूरी तरह से पढ़ें। यदि आप कागजात नहीं समझते हैं या पढ़ नहीं सकते हैं, तो उस अधिकारी को बताएं कि आपको दुभाषिया की आवश्यकता है।

**यदि आप मानते हैं कि आपके अधिकारों का उल्लंघन किया गया**

• अधिकारियों की बैज और गश्ती कार के नंबर, अधिकारी किस एजेंसी के थे, और कोई भी अन्य विवरण, जो भी आपको याद है, उसे लिख लें। गवाहों के लिए संपर्क जानकारी प्राप्त करें।

• यदि आप घायल हो गए हैं, तो तुरंत ईलाज की तलाश करें और अपनी चोटों की तस्वीरें लें।

• एजेंसी के आंतरिक मामलों के विभाग या नागरिक शिकायत बोर्ड के पास एक लिखित शिकायत दर्ज करें। ज्यादातर मामलों में, यदि आप चाहें तो आप गुमनाम रूप से शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## <u>पुलिस या ICE मेरे घर पर हैं</u>

**खुद के लिए जोखिम को कैसे कम करें**

• शांत रहें और दरवाजा बंद रखें। दरवाजा खोलने से उन्हें अंदर आने की अनुमति नहीं मिलती है, लेकिन दरवाजे के माध्यम से ICE से बात करना सुरक्षित है।

**आपके अधिकार**

• आपको चुप रहने का अधिकार है, भले ही अधिकारी के पास वारंट हो।

• आपको पुलिस या इमीग्रेशन एजेंटों को अपने घर के अंदर लाने की ज़रूरत नहीं है जब तक कि उनके पास एक विशेष तरह का वारंट न हों।

• यदि पुलिस के पास गिरफ्तारी वारंट है और यदि वे मानते हैं कि वह व्यक्ति अंदर है तो उन्हें कानूनी तौर पर वारंट पर व्यक्ति के घर में प्रवेश करने की अनुमति है। लेकिन निष्कासन / निर्वासन (फॉर्म I-205) का वारंट अधिकारियों को बिना सहमति के घर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देता है।

**पुलिस या ICE के आने पर क्या करें**

• उनसे पूछें कि क्या वे इमीग्रेशन एजेंट हैं और वे यहाँ किस लिए आये हैं।

• एजेंट या अधिकारी से आपको खिड़की या पीकहोल के माध्यम से एक बिल्ला या पहचान दिखाने के लिए कहें।

• पूछें कि क्या उनके पास न्यायाधीश द्वारा साइन किया हुआ वारंट है। यदि वे कहते हैं कि उनके पास हैं, तो उन्हें इसे दरवाजे के नीचे से स्लाइड करने के लिए कहें या इसे एक खिड़की के सामने पकड़ कर रखने के लिए कहें ताकि आप इसे देख सकें।

• झूठ न बोलें या कोई भी झूठा दस्तावेज़ न दें। किसी वकील से बात किए बिना कुछ भी साइन न करें।

• अपने दरवाजे को तब तक न खोलें जब तक कि ICE आपको आपके घर/ या आपके पते पर खोजे जाने वाले क्षेत्र पर रहने वाले किसी भी व्यक्ति की न्यायिक तलाश या गिरफ्तारी वारंट न दिखाएँ। यदि वे वारंट नहीं दिखाते हैं, तो दरवाजा बंद रखें। कहें: "मैं आपके अंदर आने के लिए सहमति नहीं देता।"

• यदि एजेंट जबरदस्ती अंदर घुस जाते हैं, तो विरोध न करें। यदि आप अपने अधिकारों का प्रयोग करना चाहते हैं, तो कहें: “मैं आपके प्रवेश या इन परिसरों की आपकी तलाशी के लिए सहमति नहीं देता। मैं चुप रहने के अपने अधिकार का प्रयोग कर रहा हूं। मैं जल्द से जल्द एक वकील से बात करना चाहता हूं। ”

• यदि आप तलाशी की स्थिति के साथ परिवीक्षा पर हैं, तो कानून प्रवर्तक को आपके घर में प्रवेश करने की अनुमति है।

**<u>मुझे एक वकील चाहिए</u>**

आपके अधिकार

• यदि आपको पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाता है, तो आपके पास सरकार द्वारा नियुक्त वकील का अधिकार है, और आपको तुरंत ही इसकी मांग करनी चाहिए।

• यदि गिरफ्तार किया गया है, तो आपको अपनी गिरफ्तारी के उचित समय के भीतर एक निजी फोन कॉल का अधिकार है, और यदि यह वकील के लिए किया गया है तो पुलिस कॉल को सुन नहीं सकती है।

• यदि आपको **ICE** या बॉर्डर पैट्रोल द्वारा हिरासत में लिया जाता है, तो आपको वकील लेने का अधिकार है, लेकिन सरकार को आपके लिए एक वकील प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है। मुफ्त या कम लागत वाले विकल्पों की सूची के लिए पूछें।

• यदि आपको हिरासत में लिया जाता है, तो आपको वकील या अपने परिवार को कॉल करने का अधिकार है, और आपको यह अधिकार है कि हिरासत के दौरान आपका वकील आपसे आकर मिल सकता है। किसी इमीग्रेशन न्यायाधीश के समक्ष किसी भी सुनवाई में आपके पास अपना वकील रखने का अधिकार है।

**अतिरिक्त संसाधन**

- यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है, तो अपने स्थानीय ACLU सहबद्ध से संपर्क करें।
- यहाँ संपर्क जानकारी की सूची दी गई है जो इमीग्रेंट्स की सहायता करते हैं।

**<u>मुझे बॉर्डर पैट्रोल द्वारा सीमा के पास हिरासत में लिया गया है</u>**

**खुद के लिए जोखिम को कैसे कम करें**

• इमीग्रेशन अधिकारियों के साथ बातचीत करते समय शांत रहें। झूठ न बोलें या झूठे दस्तावेज न दें।

• एक इमीग्रेशन चेकपॉइंट से कभी न भागें।

**आपके अधिकार**

- आपके पास चुप रहने का अधिकार हैं। आप एजेंट को यह भी बता सकते हैं कि आप केवल एक वकील की उपस्थिति में सवालों के जवाब देंगे, भले ही आपकी नागरिकता या इमीग्रेशन स्थिति कुछ भी हो।
- आपको अपनी इमीग्रेशन स्थिति के बारे में सवालों के जवाब देने की आवश्यकता नहीं है। उन लोगों के लिए एक सीमित अपवाद मौजूद है, जिनके पास एक विशिष्ट कारण और एक सीमित समय के लिए (उदाहरण के लिए, वीजा पर "गैर-इमीग्रेंट") अमेरिका में रहने की अनुमति है। इन व्यक्तियों से पूछे जाने पर उन्हें उनकी इमीग्रेशन स्थिति के बारे में जानकारी देना आवश्यक है।
- आम तौर पर, एक बॉर्डर पेट्रोल एजेंट आपको तब तक नहीं रोक सकता जब तक कि उन्हें "उचित संदेह" न हो कि आप इमीग्रेशन कानून या संघीय कानून का उल्लंघन कर रहे हैं या कर चुके हैं।
- एक इमीग्रेशन अधिकारी आपको "संभावित कारण" के बिना गिरफ्तार नहीं कर सकता है, इसका मतलब है कि एजेंट के पास आपके बारे में ऐसे तथ्य होने चाहिए जो इस बात की संभावना प्रकट कर सकें कि आप इमीग्रेशन कानून या संघीय कानून का उल्लंघन कर रहे हैं या कर चुके हैं।.
- इमीग्रेशन चेकपॉइंट्स पर, एजेंटों को आपको रोकने और आपसे सवाल पूछने के लिए किसी संदेह की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उनके सवालों को संक्षिप्त और इमीग्रेशन की स्थिति से संबंधित होना चाहिए। वे आपके वाहन का विज़ुअल निरीक्षण भी कर सकते हैं।

**आपको क्या उम्मीद करनी चाहिए**

- जो लोग एक इमीग्रेशन अधिकारी द्वारा निरीक्षण के बिना अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं, वे कुछ मानदंडों के आधार पर अमेरिका से शीघ्र निष्कासन के अधीन हो सकते हैं। यदि आपको बताया जाता है कि आप शीघ्र निष्कासन के अधीन हैं, तो इसके कारण के बारे में पूछें। इसके अलावा, यदि आपको डर है कि अपने मूल देश में लौटने पर आपका उत्पीड़न हो सकता हैं, तो आपको तुरंत अपने डर के बारे में एजेंटों को सूचित करना चाहिए।

- बॉर्डर क्रासिंग पर, संघीय अधिकारियों अदालत द्वारा 'नियमित खोज" कहे जाने वाली प्रक्रिया जैसे कि सामान या वाहन की तलाशी करने के लिए किसी तरह के वारंट या यहाँ तक कि गलत कार्य किये जाने के शक की आवश्यकता नहीं है।
- यदि कोई एजेंट आपसे दस्तावेज मांगता है, तो आपकी इमीग्रेशन स्थिति के आधार पर आपको अलग अलग दस्तावेज देने की जरुरत है। अमेरिकी नागरिक यदि यूएस में हैं तो उन्हें नागरिकता का प्रमाण साथ लेकर चलने की आवश्यकता नहीं है। यदि आपके पास वैध इमीग्रेशन दस्तावेज हैं और आप 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं, तो कानून के अनुसार आपको उन दस्तावेजों को साथ रखने की आवश्यकता है। यदि आपको किसी इमिग्रेशन एजेंट द्वारा उन्हें देने के लिए कहा जाता है, तो एजेंट को दस्तावेज दिखाएँ। यदि आप दस्तावेजों के बिना एक इमीग्रेंट हैं, तो आप अधिकारी के अनुरोध को अस्वीकार कर सकते हैं, हालांकि एक एजेंट तब आपसे और अधिक प्रश्न पूछ सकता है।

**मुझे ट्रांजिट के समय पुलिस, ICE, या बॉर्डर पेट्रोल द्वारा रोका गया**

खुद के लिए जोखिम कैसे कम करें

- शांत रहें। अधिकारी या एजेंट से भागे नहीं, बहस न करें या उन्हें रोके नहीं। अपने हाथों को ऊपर रखें जहां वे उन्हें देख सकते हैं।
- यदि आप एक कार में हैं, तो जितनी जल्दी हो सके एक सुरक्षित जगह पर गाड़ी लगा दें। इंजन बंद करें, अंदर की लाइट चालु कर दें, खिड़की को थोड़ा सा खोलें और अपने हाथों को स्टीयरिंग पर रखें। अनुरोध पर, पुलिस को अपने ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण और बीमा के प्रमाण दिखाएं।
- यदि आप अमेरिकी नागरिक नहीं हैं और एक इमीग्रेशन एजेंट आपसे कागजात का अनुरोध करता है, तो यदि आपके पास वे कागजात हैं तो आपको उन्हें दिखाने चाहिए। यदि आपकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है, तो हर समय अपने इमीग्रेशन दस्तावेजों को अपने साथ रखें। यदि आपके पास इमीग्रेशन पेपर नहीं हैं, तो कहें कि आप चुप रहना चाहते हैं।

आपके अधिकार

कार में:

- ड्राइवरों और यात्रियों को चुप रहने का अधिकार है। यदि आप एक यात्री हैं, तो आप पूछ सकते हैं कि क्या जाने के लिए स्वतंत्र हैं। अगर अफसर हां कहे तो शांति से चले जाएं।

- यदि कोई अधिकारी या इमीग्रेशन एजेंट आपकी कार के अंदर देखने के लिए कहता है, तो आप तलाशी के लिए सहमति देने से इनकार कर सकते हैं। लेकिन अगर पुलिस आमतौर पर मानती है कि आपकी कार में अपराध का सबूत है, तो आपकी सहमति के बिना आपकी कार की तलाशी ली जा सकती है।
- पुलिस के अलावा, बॉर्डर पैट्रोल यू.एस. के अंदरुनी भागों में "रोविंग पैट्रोल" करती है, जिससे मोटर चालकों को रोकती है। बॉर्डर पैट्रोल को उचित संदेह होना चाहिए कि कार में चालक या यात्रियों ने इमीग्रेशन उल्लंघन या संघीय अपराध किया है।
- बॉर्डर पैट्रोल द्वारा किसी भी गिरफ्तारी या लंबे समय तक रोकने के लिए संभावित कारण की आवश्यकता होती है। आप एजेंटों से संभावित कारण के बारे में पूछ सकते हैं, और उन्हें आपको बताना चाहिए। इस स्थिति में, ड्राइवर और किसी भी यात्री दोनों को चुप रहने और अपनी इमीग्रेशन स्थिति के बारे में सवालों के जवाब नहीं देने का अधिकार है।

एक विमान पर :

- एक पायलट किसी यात्री को उड़ान भरने से मना कर सकता है यदि वह उचित रूप से ऐसा मानता है कि यात्री उड़ान सुरक्षा के लिए खतरा है। हालांकि,एक पायलट, आपके धर्म, जाति, राष्ट्रीय मूल, लिंग, जातीयता, या राजनीतिक विश्वासों के आधार पर आपको उड़ान भरने की अनुमति देने से इनकार नहीं कर सकता है।
- यदि आपको लगता है कि आप गलती से "नो-फ्लाई" सूची में हैं, तो आपको यहाँ नो-फ्लाई सूची पर हमारे मार्गदर्शन की समीक्षा करनी चाहिए।

बसों और ट्रेनों पर:

- बॉर्डर पैट्रोल एजेंट 100 मील के सीमा क्षेत्र में बसों और ट्रेनों पर या तो स्टेशन पर या जबकि बस अपनी यात्रा पर हैं तब चढ़ते हैं। आमतौर पर बस में एक से अधिक अधिकारी चढ़ते हैं, और वे यात्रियों से उनकी इमीग्रेशन स्थिति के बारे में सवाल पूछेंगे, यात्रियों को उन्हें इमीग्रेशन दस्तावेज दिखाने के लिए कहेंगे, या दोनों ही चीजें करेंगे।
- ये प्रश्न संक्षिप्त होने चाहिए और यू.एस. में किसी की वैध उपस्थिति की पुष्टि करने से संबंधित होने चाहिए। आपको उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है और आप केवल यह कह सकते हैं कि आप ऐसा नहीं करना चाहते हैं। हमेशा की तरह, आपको चुप रहने का अधिकार है।

**यदि आप मानते हैं कि आपके अधिकारों का उल्लंघन किया गया है**

- अधिकारियों की बैज और गश्ती कार के नंबर, अधिकारी किस एजेंसी के थे, और कोई भी अन्य विवरण, जो भी आपको याद है, उसे लिख लें। गवाहों के लिए संपर्क जानकारी प्राप्त करें।
- यदि आप घायल हो गए हैं, तो तुरंत ईलाज की तलाश करें और अपनी चोटों की तस्वीरें लें।

- एजेंसी के आंतरिक मामलों के विभाग या नागरिक शिकायत बोर्ड के पास एक लिखित शिकायत दर्ज करें। ज्यादातर मामलों में, यदि आप चाहें तो आप गुमनाम रूप से शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## **<u>मुझे हिरासत में लिया गया है जबकि मेरा इमीग्रेशन मामला चल रहा है</u>**

**आपके अधिकार**

- अधिकांश लोग जिन्हें हिरासत में लिया गया है, जबकि उनके मामले की सुनवाई चल रही है, वे बांड पर या अन्य रिपोर्टिंग शर्तों के साथ रिहा होने के योग्य हैं।
- यदि आपको हिरासत में लिया गया है, तो आपको वकील या आपके परिवार को कॉल करने का अधिकार है, और आपको हिरासत में रहते समय यह भी अधिकार है कि एक वकील आपसे मिल सके।

**किसी इमीग्रेशन न्यायाधीश के समक्ष किसी भी सुनवाई में आपके पास अपना वकील रखने का अधिकार है।**

हिरासत में लिए जाने पर क्या करें

- यदि आपको किसी इमीग्रेशन उल्लंघन के लिए गिरफ्तार किए जाने के बाद रिहाई से वंचित किया जाता है, तो किसी इमिग्रेशन न्यायाधीश के समक्ष बांड सुनवाई के लिए कहें। कई मामलों में, एक इमीग्रेशन न्यायाधीश यह आदेश दे सकता है कि आपको रिहा किया जाए या आपका बांड कम किया जाए।

## **<u>मुझे गिरफ्तार कर लिया गया है और निर्वासन आदेश को चुनौती देना चाहता हूँ</u>**

आपके अधिकार

- आपके पास निर्वासन आदेश को चुनौती देने के लिए सुनवाई का अधिकार है, जब तक कि आप सुनवाई के अपने अधिकार को छोड़ नहीं देते, किसी "निर्धारित निष्कासन आदेश" नामक दस्तावेज पर साइन नहीं करते या "खुद से नहीं चले जाते"।
- आपके पास एक वकील का अधिकार है, लेकिन सरकार को आपके लिए एक वकील प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है। मुफ्त या कम लागत वाले विकल्पों की सूची के लिए पूछें। यदि आपके पास कोई वकील नहीं है, तो अदालत से कहें कि वह आपको वकील खोजने के लिए समय दे।

**यदि आप गिरफ्तार हो जाए तो क्या करना चाहिए**

- यदि आपसे कहा जाता है कि आपको एक इमीग्रेशन न्यायाधीश को देखने का अधिकार नहीं है, तो आपको तुरंत एक वकील से बात करनी चाहिए। कुछ ऐसे मामले हैं जिनमें किसी व्यक्ति को इमीग्रेशन न्यायाधीश को देखने का अधिकार नहीं है। लेकिन अगर आपको बताया जाता है कि आपकी स्थिति ऐसी  है, तो आपको तुरंत एक वकील से बात करने के लिए कहना चाहिए क्योंकि इमीग्रेशन अधिकारी हमेशा ऐसे अपवादों के बारे में नहीं जानते होंगे या आपको नहीं बताएंगे जो आप पर लागू हो सकते हैं।
- यदि आप अपने देश में उत्पीड़न या अत्याचार से डरते हैं, तो एक अधिकारी को बताएं और तुरंत एक वकील से संपर्क करें। यदि आपके पास यह भय है तो आपके पास अतिरिक्त अधिकार हैं।